दिनांक :15.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज एक दिवसीय प्रवास पर रीवा और सीधी जिले के दौरे पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा के ग्राम दिव्यगवां में नवनिर्मित शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के 501 खेत तालाबों तथा अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीधी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी कर रहे हैं। साथ ही पेंशन हितग्राहियों और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी अंतरित कर रहे हैं।

तिरंगा यात्रा

भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के सम्मान में इंदौर में कल शाम तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने आमजन से यात्रा से जुड़ने की अपील की है।

वहीं गुना में नागरिक संगठन द्वारा 17 मई शनिवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा देश की रक्षा में समर्पित वीर जवानों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। सतना में आज पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेशभर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के कार्य व्यापक स्तर पर किये जा रहे हैं। आगरमालवा जिले के नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरचनाओं के निर्माण, मरम्मत, गहरीकरण एवं साफ–सफाई के कार्य जनसहभागिता से किये जा रहे है। नर्मदापुरम जिले में अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन–जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में ग्राम वाचा वानी के तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान किया गया।

नीमच जिले में अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन सहयोग से तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है ।

<u>राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा</u>

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे।_नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035।

नमस्कार